**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।**

**प्रेस नोट**

**दिनांक 06.02.2025**

**विषयः- ब्लेड से जानलेवा हमला कर युवक को जख्मी करने वाला आरोपी थाना लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त ब्लेड बरामद।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नेरट वाराणसी द्वारा कमिश्नरेट में आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं अपराधियों पर कठोर कानूनी कार्यवाही किये जाने हेतु दिए गए आदेशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी एवं सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लंका के कुशल नेतृत्व में दिनांक 06.02.2025 को होटल गंगा हेरिटेज के पास से वांछित अभियुक्त डी बाजी सत्यम उर्फ दीपू पुत्र डी सत्यम नि0 ग्राम नंदीगावां जिला कृष्णा नगर आन्ध्रप्रदेश उम्र करीब 38 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त ब्लेड बरामद हुआ। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना विवरणः-**

दिनांक 05.02.2025 को आवेदक द्वारा थाना स्थानीय पर लिखित शिकायत की गयी कि कुछ लोगों द्वारा उनके भाई पर जानलेवा हमला कर दिया गया है जिससे वे जख्मी हो गए हैं। प्राप्त शिकायत के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कराते हुए अभियुक्त की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस बल को रवाना किया गया। दबिश व तलाश के क्रम में अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए पकड़े गए अभियुक्त की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त धारदार ब्लेड बरामद किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-**

1. डी बाजी सत्यम उर्फ दीपू पुत्र डी सत्यम नि0 ग्राम नंदीगावां जिला कृष्णा नगर आन्ध्रप्रदेश उम्र करीब 38 वर्ष

**गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान-** दिनांक गिरफ्तारी 06.02.2025 को होटल गंगा हेरिटेज के पास से, थाना क्षेत्र लंका, कमि0 वाराणसी।

**विवरण बरामदगी-**

**अभियुक्त के कब्जे से**

1. घटना में प्रयुक्त खून लगा हुआ ब्लेड बरामद।

**<u>पंजीकृत अभियोगों का विवरण</u> -**

1. मु0अ0सं0 0042/2025 धारा 109(2) बीएनएस थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

**<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम</u>**

1. प्रभारी निरीक्षक शिवाकान्त मिश्र, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 शिवाकर मिश्रा, चौकी प्रभारी नगवा, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का विपिन कुमार ओझा, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. आरक्षी विजय कुमार शुक्ला, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
जोन-काशी कमिश्नरेट वाराणसी